हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 11 नवम्बर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में श्री गुरू तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस समारोह और गीता जयंती महोत्सव में शामिल होंगे। इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करोड़ों रूपये के विकास कार्यों के उद्घाटन भी करेंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद दिल्ली में मीडिया को यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरू तेग बहादुर जी का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए हरियाणा में चार पवित्र यात्राएं चलेंगी। पहली यात्रा सिरसा जिला से शुरू हो चुकी है, दूसरी यात्रा पिंजौर, तीसरी यात्रा यमुनानगर और चौथी यात्रा फरीदाबाद से शुरू होगी। 24 नवंबर को यह सभी यात्राएं कुरूक्षेत्र पहुचेंगी और 25 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी शिरकत करेंगे।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में भी शिरकत करेंगे।

एक सवाल का जवाब में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी के पास कोई विजन नहीं है। उनके पास तथ्य नहीं है, सिर्फ झूठ बोलकर मुद्दों को खड़े करने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ईवीएम और चुनाव आयोग पर आरोप लगाना बेहद गलत है। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है।

****

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार, गुरुग्राम को जाम मुक्त और सुगम यातायात वाला शहर बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक समस्या के स्थायी समाधान के लिए योजनाबद्ध ढंग से कदम उठाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कल गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण की 15वीं बैठक की अध्यक्षता के बाद कहा कि शहर के विभिन्न विकास कार्यों और संरचना की प्रगति की समीक्षा की गई है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मिलेनियम सिटी मेट्रो स्टेशन क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या से लोगों को जल्द ही राहत मिलेगी। इसके लिए सेक्टर 27, 29, 43 और 44 की ओर सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक अंडरपास का निर्माण किया जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए हैं ।

प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को गुरूग्राम में विकास तेज करने के लिए चल रहे कार्यों की गति बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं।

****

दिल्ली में कल लाल किले के निकट कार विस्फोट में आठ लोग मारे गये हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है।

उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियां छानबीन के सभी विकल्पों को ध्यान में रख रही हैं। यह विस्फोट कल शाम करीब सात बजे ट्रैफिक सिग्नल के पास एक आई-ट्वेंटी कार में हुआ। धमाके से आस-पास के अन्य वाहनों को भी क्षति पहुंची और कई लोग घायल हो गए। गृहमंत्री ने कहा उन्हने आशा है कि एजेंसियां जल्द धमाके का कारण का पता लगा लेंगी। एफएसएल की सीनियर मॉस्ट टीम भी इस पर काम कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरी स्थिति का जायजा लिया है और गृह मंत्री अमित शाह से बातचीत की है।

****

दिल्ली में हुए धमाके के बाद सुरक्षा के मद्देनज़र अंबाला पुलिस जिले में चौकसी बढ़ा दी गई है। अंबाला के पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने आज बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे–चप्पे पर पुलिस बल तैनात कर सघन जांच अभियान शुरू किया गया है

अंबाला पुलिस ने आमजन से अपील किसी भी अफवाह पर ध्यान न दे। कोई भीआपत्तिजनक वस्तु या व्यक्ति दिखने पर, या आपातकालीन स्थिति में डायल 112 या नजदीकी पुलिस स्टेशन में तुरंत सूचना दें ।

उन्होंने कहा कि अंबाला में 500 से अधिक पुलिस कर्मचारी गश्त पर है

****

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि गुरुग्राम में श्री शीतला माता मेडिकल कॉलेज के संचालन के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की जाएगी, जो इस संस्थान को सार्वजनिक निजी भागीदारी प्रक्रिया से संचालित करने की संभावनाओं पर कार्य करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं और आधुनिक चिकित्सा अधोसंरचना को सुदृढ़ करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि शहर में बनने वाले नागरिक अस्पताल का निर्माण कार्य भी जल्द से जल्द धरातल पर क्रियान्वित करने के निर्देश दिए हैं।

****

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गृह मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की देश भर की सभी इकाइयों ने जश्न मनाया।

इस अवसर पर, नई दिल्ली स्थित बल मुख्यालय एवं सभी केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाइयों में 'वंदे मातरम' के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन आयोजित किया गया। बल मुख्यालय में 200 से अधिक कर्मियों ने देशभक्ति के जोश के साथ भाग लिया।

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने देश भर में अपनी घनी भौगोलिक उपस्थिति द्वारा देशभक्ति के इस पावन संदेश का व्यापक प्रसार सुनिश्चित किया है।

****